

# अब अनुशासन हुआ तार-तार, भाजपा जिलाध्यक्ष बेखबर

## नपा में गठित नई पीआईसी को लेकर कई भाजपा पार्षदों ने जताई आपत्ति, जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 20 अगस्त,** अनुशासन का पाठ पढ़ाने वाली भाजपा में ही अनुशासन तार तार हो चला है.विदिशा की नगर पालिका में सब कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है, जो अब तक अंदरूनी कलह थी अब वह सरेआम उजागर हो चली है. एक तरफ जहां नगर पालिका अध्यक्ष ने 4 सभापतियों को हटाकर नये 4 सभापति बनाये हैं उनको भी लेकर विवाद सामने आ रहा है. इतने बढ़े संगठन भाजपा की कमान संभालने वाले भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी डाबरी पूरे मामले से अंजान बने हुये हैं उनको यह भी नहीं पता कि जिस पार्षद ने पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के सामने भाजपा का दामन थामा था वह भाजपा में नहीं है. यह कहना महाराज सिंह दांगी का है. जबकि सोशल मीडिया पर पार्षद प्रतिनिधि अखिलेश राजपूत ने पोस्ट डाली है जिसमें उन्होंने इस बात का जिक्र किया है कि उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली है और बकायदा इसकी रसीद तथा सदस्यता शुल्क भी जमा की है. इसी के साथ कई फोटो भी उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट किये हैं और साथ ही यह सवाल भी किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान सांसद शिवराज सिंह चौहान के समक्ष उन्होंने भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की थी साथ ही सवाल भी दागा है कि यह सदस्यता फर्जी है तो आरोप लगाने वाले स्पष्ट करें.

बुधवार को भाजपा के कई पार्षद विदिशा के रेलवे स्टेशन पर एकत्रित हुये. जहां उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के जरिए उन्होंने बताया कि 19 अगस्त को नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा पीआईसी का गठन किया गया, जिसमें कांग्रेस पार्टी के पार्षद और निर्दलीय पार्षदों को शामिल किया गया. वहीं भाजपा के 27 पार्षदों को दरकिनार कर दिया गया.भाजपा पार्षद दल ने इस निर्णय का विरोध जताते हुए इसे पार्टी की छवि धूमिल करने वाला बताया है. पार्षदों ने आरोप लगाया कि नपा अध्यक्ष ने बिना किसी चर्चा और सहमति के यह कदम उठाया है. बीजेपी ने ही नगर पालिका अध्यक्ष बनाया है और उन्हीं के पार्षदों को दरकिनार कर दिया और कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों को सदस्य बना दिया गया है. फिलहाल भाजपा पार्षद दल ने भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी को ज्ञापन सौंपकर इस निर्णय पर आपत्ति दर्ज कराई है और उचित कार्रवाई की मांग की है.

### नहीं है भाजपा कार्यकर्ता

भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी से भाजपा पार्षद द्वारा दिये गये ज्ञापन के बारे में चर्चा की गयी तो उन्होंने कहा कि कुछ निर्दलीय पार्षदों को नगर पालिका में सभापति बनाया गया है. इस बारे में जानकारी ली जा रही है वहीं अखिलेश राजपूत व मनीषा राजपूत के बारे में उन्होंने कहा कि वह भाजपा कार्यकर्ता नहीं है.

# आवारा कुत्तों और सुअरों की शुरू हुई धरपकड़

## नपा करवाएगी नगर में घूम रहे आवारा कुत्ते और सुअरों को शहर से बाहर

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 20 अगस्त, नगर पालिका परिषद की बैठक के दौरान सभी पार्षदों ने एकजुट होकर नपा अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव से नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों और सुअरों को नगर से बाहर करवाए जाने का अनुरोध किया.इसके बाद उन्होंने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही इस ओर कार्रवाई करने के निर्देश नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव को दिए.**

ज्ञात हो कि नगर में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ गई है और इसे आम नागरिकों छोटे बच्चों और महिलाओं बुजुर्गों को भय बना रहता है.इसी तरह है इक्का-दुक्का गलियों में आवारा सुअर घूमते दिखाई दे रहे हैं.नपा द्वारा पूर्व में सुअरों को पकड़वाकर नगर से बाहर भिजवा दिया गया था. लेकिन अब फिर आवारा कुत्तों और सुअरों की शिकायत मिलने लगी है.अन्य सभी बातों को ध्यान में रखते हुए नपा द्वारा इस समस्या को गंभीरता से ले लिया गया है.नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव की अध्यक्षता में हुई परिषद की बैठक के दौरान विशेष निधि अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सीसी रोड एवं सीसी रिनेवल कोड निर्माण कार्य करने, विशेष निधि अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण कार्य कराये जाने काल निर्णय लिया गया इसके अलावा नवीन बस स्टेंड का नाम श्री महाराणा प्रताप बस स्टैंड रखने एवं नगरपालिका रिकार्ड में दर्ज किये जाने,डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं कचरा निष्पादन इकाईयों के सचांलन हेतु निजी ऐजेंसी को कार्य देने, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं कचरा निष्पादन इकाई के कार्य की समीक्षा, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन उपभोक्ता प्रभार की व्यवसायिक दरों में संशोधन आदि बिंदुओं पर विचार विमर्श कर इन्हें हरी झंडी दे दी गई.

## पठारी में आवारा कुत्तों का आतंक बच्चों में दहशत का माहौल




नगर में इन दिनों आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. कुत्ते दुर्घटना का सबब बने हुए हैं मवेशी एवं छोटे बच्चे बकरियां भी उनसे सुरक्षित नहीं है.नगर के जागरूक नागरिकों ने ग्राम पंचायत से नगर के विभिन्न इलाकों में धमाचौकड़ी मचाये हुये आवारा कुत्तों की उच्च व्यवस्था करने की मांग की है. नगर के मुख्य मार्गों पर एवं चौक चौराहों एवं गलियों में आए दिन कुत्ते झुंड में किसी ना किसी मवेशी को घायल तो कर ही रहे हैं.वहीं पर कई छोटे बच्चों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं एवं कई लोग भी इन कुत्तों का दंश झेल चुके हैं.कई बार बाइक सवार अचानक सड़क पर दौड़ रहे कुत्तों से टकराकर घायल होकर अपना उपचार करा चुके हैं छोटे बच्चों में आवारा कुत्तों को लेकर असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है.कुत्तों से हो रही घटनाओं को देखकर पालक भी अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति चिंतित नजर आने लगे हैं.नगर के निचले हिस्सों में एवं मुख्य मुख्य बाजार सारंगा मोहल्ला संजय नगर फार्म चौराहा खुरई रोड त्योंदा रोड एवं मार्गों पर सुबह शाम कुत्तों के झुंड को देखा जा सकता है जो एकत्रित होकर किसी को भी घायल कर देते हैं.

## एक नजर में

### शिखरजी तीर्थ यात्रा के लिये रवाना

**पठारी,** नगर एवं क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक जैन तीर्थ यात्रियों का दल आज बुधवार को सुबह छिप्रा एक्सप्रेस से जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखरजी रवाना हुआ तीर्थ यात्रियों के दल में सौरभ जैन ललित जैन अनंत जैन आदि जैन तीर्थयात्री रवाना हुए.

### सम्राट गार्डन में चल रही भागवत कथा

**विदिशा,** सम्राट गार्डन में चल रही भागवत कथा में ऋषिकेश से पधारे महान संत श्री नित्यानंद गिरी महाराज ने उपदेश दिए कि आज हम जो है सुखदुख भोग रहे हैं ,हानि लाभ हो रहा है अनुकूलता ,प्रतिकूलता हो रही है यश अपयश हो रहा है .यह सब हमारे कर्मों का ही फल है. हम जो भी क्रिया करते हैं उसकी प्रतिक्रिया अवश्य होती है इसलिए आज हो या कल हमें वो ही कर्म करना चाहिए जैसा हम फल चाहते हैं. भागवत कथा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी ,गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित थीं इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में कल्पना श्रीवास्तव परिवार ने सराहनीय कार्य किया है एवं इंद्रा कॉम्पलेक्स नागेश्वर मंदिर की भजन मंडली भी भरपूर सहयोग दे रही है.

### नि :शुल्क कक्षाओं का शुभारम्भ

**विदिशा,** संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के आगमन के दौरान रविंद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत सशक्त वाहिनी की नि :शुल्क कक्षाओं का शुभारम्भ करते हुए बालिकाओं को पाठ्य पुस्तक सामग्री का वितरण किया गया. कार्यक्रम मै विदिशा विधायक मुकेश टंडन भी उपस्थित रहें .जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विदिशा श्रीमती विनीता लोढ़ा द्वारा बताया गया की अभियान के तहत महिला /बालिकाओं हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं विशेष कर पुलिस भर्ती में चयन हेतु नि :शुल्क मार्गदर्शन , अध्ययन एवं शारीरिक प्रशिक्षण हेतु नि :शुल्क कोचिंग क्लास संचालन आज 3 बजे से पुलिस कण्ट्रोल रूम पुलिस लाइन विदिशा मे किया जा रहा है.

# एचपीएम कंपनी की खरपतबार नाशक से बर्बाद हुयी फसल

## विधायक मीणा को सौंपा किसानों ने ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**नटेरन, नटेरन क्षेत्र के ग्राम नटेरन सेऊ नटेरन खैराई कस्बा खेड़ी नगतारा पमारिया आधा दर्जन भर ग्रामों के किसान आज शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा के निवास दयानन्द पुर पहुंचकर अपनी पीड़ा सुनाई.**

किसान रामसेवक तिवारी ने बताया की हम सभी ने एच पी एम कंपनी की खरपतवार नाशक दवा सोयाबीन में विगत 1 माह पहले डाली थी.जिसके कारण हमारी पूरी फसल जलाकर खाक हो गई और कचरा ज्यों का त्यों बना हुआ है.यह दबाई नटेरन जय किसान इंटरप्राइजेज से दवाई ली थी दवाई डालने के 6 दिन बाद फसल मुरझाने लगी एवं 10 से 15 दिन बाद सोयाबीन की जलकर सूख गई. कंपनी के कर्मचारियों से बार बार बताया गया.लेकिन संतोष जनक जवाब न मिलने पर पीड़ित आज शमशाबाद विधायक मीणा के पास पहुंचे और कहां की फसल की उचित जांच करवाकर कंपनी पर कठोर कार्रवाई कर किसानों को कंपनी द्वारा उचित मुआवजा दिलाने की बात कही.विधायक मीणा ने मौके पर कृषि विभाग के जिला अधिकारी को फोन लगाया और कहा की मेरी विधानसभा के पीड़ित किसानों की फसलों की उचित जांच करवाकर शासन की गाइड लाइन अनुसार उचित लाभ दिलाने के निर्देश दिए.ज्ञापन देने बालों में सचिन तिवारी,मिट्ठू कुशवाह ,सनमान कुशवाह ,पंचम कुशवाह ,देवेंद्र तिवारी ,विशाल रघुवंशी कडोरी लाल आदि मौजूद थे.

# कृषि उपज मंडी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में बुधवार को कृषि उपज मंडी मिर्जापुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट नितेन्द्र सिंह तोमर, न्यायिक मजिस्ट्रेट कादिर खान, अनिमेष तिवारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्रीमती नीलकमल वैद्य, सचिव एवं मंडी समिति के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.कार्यक्रम के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने मंडी में कार्यरत हम्मालों और तुलावटों को शासन की संबल योजना की जानकारी दी तथा उन्हें इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया. साथ ही उपस्थित लोगों को विभिन्न विधिक अधिकारों से भी अवगत कराया गया.

# पार्षदों ने सीएमओ से की उपयंत्री के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करने की मांग



**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई, जब कुछ ना बन सका तो तमाशा बना दिया मोहम्मद रफी के इस गीत की यह पंक्तियां कुरवाई नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों पर इन दिनों सटीक बैठती हैं.नगर परिषद में कुछ ठीक नहीं चल रहा है.नगर की समस्त व्यवस्थाएं ठप पड़ी हुई हैं.15 करोड रुपए से अधिक खर्च होने के बाद भी नगर के सभी घरों को जल सप्लाई नहीं हो पा रही है.15 करोड रुपए नलजल योजना पर खर्च करने के बाद भी 9 बोरों से सीधे नगर में जल सप्लाई करना पड़ रहा है जो पेयजल नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरीत का असर डाल रहा है.**

नगर की सभी सड़के नल जल योजना की पाइप लाइन डालने के दौरान खोद डाली गई है.उनका भी कोई सुधार कार्य या रिपेयरिंग का कार्य नहीं हो पा रहा है.नगर परिषद में पदस्थ कर्मचारियों को वेतन भी समय पर नहीं मिल रहा है यहां तक की सभी प्रकार की योजनाओं में हितग्राही परेशान नजर आ रहे हैं. नगर के सभी प्रकार के निर्माण कार्य पूरी तरह बंद हैं परिषद को 3 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं परिषद के पास एक भी उपलब्धि नहीं है कि इन तीन बर्ष में कोई का विकास का कार्य किया गया हो नगर परिषद इन दिनों आर्थिक तंगी से जूझ रही है.ठेकेदारों सहित अन्य सामग्री सप्लायरों का करोड़ों रुपए नगर परिषद कुरवाई पर बकाया है परिषद की ऐसी स्थिति में परिषद के पार्षदों ने शासन से बजट की मांग करने का संघर्ष ना करते हुए परिषद की नाकामी का ठीकरा उपयंत्री गौरव कुमार पर फोड़ दिया है और परिषद की 3 साल की नाकामियों का जिम्मेदार उपयंत्री गौरव कुमार को ठहराया जा रहा है.

पार्षदों और पार्षद पतियों ने सीएमओ से निकाय में पदस्थ उपयंत्री गौरव कुमार के खिलाफ आगामी बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित करने की मांग की है.मांग पत्र बुधवार को पार्षद इलयास मोहम्मद के नेतृत्व में उपाध्यक्ष इरफान काजी और पार्षद पतियों में गिरजेश साहू, जफर शेख, सुरेन्द्र अहिरवार, काशिफ खान, ने सीएमओ जाहिद अली को सौंपा है और आरोप लगाया है कि निकाय में पदस्थ उपयंत्री द्वारा नियम विरूद्ध गैर कानूनी कार्य किए जा रहे है.इनके द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों की अवहेलना की जा रही है नगर की सडकों की हालत बहुत खराब है जगह जगह सड़कों पर गढ्ढे हो रहे है इनके द्वारा जनता के हित के कोई कार्य नहीं किए जा रहे जिससे अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.वर्तमान में वर्षाऋतु चल रही है जिससे नगर की सड़कों पर जगह जगह गड्ढे होने से निकलना मुश्किल हो रहा है.परिषद को चुने हुए 3 वर्ष का समय व्यतीत हो चुका है हमारे वार्डो में कोई विकास कार्य नही हो रहे जिससे आगामी चुनाव में हम जनता के सामने किस मुंह से जाएंगे.

# लवकुश जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**सिरोंज,** सिरोंज में भगवान लवकुश जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई. जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकली. शोभायात्रा स्थानीय छत्री नाका स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर कस्टम पथ, कठाली बाजार, सर्राफा बाजार, कपड़ा बाजार, चांदनी चौक, कोर्ट गेट, तालाब रोड, हाजीपुर, बासौदा नाका, मंडी बायपास रोड से होते हुए मंडी परिसर स्थित माता मंदिर पर पहुंची. शोभायात्रा में आकर्षक बैंड-बाजे शामिल थे. वही महर्षि वाल्मीकी जी एवं भगवान लव-कुश जी के स्वरूपों की आकर्षक झांकी सजाई गई. शोभायात्रा में कलाकारों द्वारा भजनों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही थी..


**डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जीनगर रहवासी सहकारी संस्था मर्यादित,विदिशा**

(पंजीयन क्रमांक DR/VDS/144587 दिनांक 15/01/2025)

सूचना प्रकाशन दिनांक 21/08/25

**वार्षिक आमसभा सूचना**

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जीनगर रहवासी सहकारी संस्था मर्यादित, विदिशा के सभी अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा की बैठक का आयोजन संस्था के ठहराव क्रमांक 1 दिनांक 6/8/2025 बुधवार के अनुसार दिनांक 07/09/25 दिन रविवार स्थान समिति मुख्यालय पर दोपहर 12.30 बजे तय की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में स्थगित शुदा बैठक आधा धंटे पश्चात उसी दिन उसी स्थान पर होगी जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी बैठक का विस्तृत एजेंडा सभी सम्माननीय सदस्यों को डाक द्वारा भेजा गया है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

मुकेश कुमार खरे (श्रीवास्तव) प्रबंधक | संजीव पांडे उपाध्यक्ष | संध्या शर्मा उपाध्यक्ष | सरदार मनिंदर सिंह संधू अध्यक्ष

**भारतीय मेडिकल सेर्विसेस को आपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड**

(पंजीयन क्रमांक DR/VDS/1368)

सूचना प्रकाशन दिनांक 21/08/25

**:: वार्षिक आम सभा सूचना पत्र::**

भारतीय मेडिकल सेर्विसेस कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के सभी अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की बार्षीक आमसभा की बैठक का आयोजन संस्था के ठहराव क्रमांक 1 दिनांक 6/8/2025 बुधवार के अनुसार दिनांक 07/09/25 दिन रविवार स्थान समिति मुख्यालय पर दोपहर 12.30 बजे तय की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में स्थगित शुदा बैठक आधा धंटे पश्चात उसी दिन उसी स्थान पर होगी जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी बैठक का विस्तृत एजेंडा सभी सम्माननीय सदस्यों को डाक द्वारा भेजा गया है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

प्रबंधक | अध्यक्ष








